भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3412

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स की स्थापना

†3412. श्री टी.आर.बालू:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि तमिलनाडु के चेंगलपट्टू के निकट केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एचएलएल बायोटेक लिमिटेड द्वारा लगभग 900 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्थापित एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स इकाई में अभी तक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू नहीं हुआ है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या वैक्सीन विनिर्माण इकाई के संचालन के लिए किसी निजी अथवा सरकारी क्षेत्र के संगठन से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इस संबंध में सरकार का निर्णय क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): भारत सरकार ने चेंगलपट्टू, तमिलनाडु में एकीकृत वैक्सीन कॉम्प्लेक्स (आईवीसी) परियोजना, एचएलएल बायोटेक लिमिटेड (एचबीएल) की स्थापना को मंजूरी दी थी। भारत सरकार द्वारा वैक्सीन विनिर्माण के लिए एचबीएल को कार्यशील करने के विभिन्न विकल्पों का पता लगाने के प्रयास किए गए थे। तदनुसार, 2020-2022 की अवधि के दौरान सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत प्रस्तावों हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति और प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। तथापि, शुरू में कुछ कंपनियों ने रुचि दिखाई, लेकिन उन्होंने बोली प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। अभी तक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू नहीं हुआ है।

*****